हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री


2 बढ़े बिजली बिल से उपभोक्ताओं में हाहाकार



4 निगम टीम ने दस दुकानों पर लगाया ताला जलकर की ...




## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज




**धमतरी।** राज्य के सभी न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, ट्रिब्यूनल्स, कामर्शियल कोर्ट, वक्फ बोर्ड में 13 सितंबर को वर्ष की तृतीय हाईब्रिड (वर्चुअली एवं फिजीकली) नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल वाद राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, मोटरयान अधिनियम अंतर्गत आने वाले मामले, दावा दुर्घटना, श्रम न्यायालय में लंबित मामले, चेक बाउंस मामले, धन वसूली वाद के अतिरिक्त बीमा संस्था, बैंक, विद्युत सेवा, दूरसंचार सेवा से संबंधित मामलों का निराकरण किया जायेगा। रामकुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशन पर जिला धमतरी में हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं नगरी के लिए खंडपीठ बनाया गया है।

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 14 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज जिला संगठन की बैठक नगरी ब्लाक के ग्राम फरसियां में 14 सितंबर को रखी गई है। नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के विस्तार एवं शपथ ग्रहण समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन पर चर्चा होगी। यह जानकारी जिला सचिव रामेश्वर यादव ने दी है।

### पंचायत भृत्य संघ की बैठक 14 को

**सांकरा।** नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक कल रविवार को दोपहर 12 बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में आयोजित की गई है जिसमें संघ की गतिविधियों एवं शासन स्तर पर संघ की मांग के संबंध में विशेष चर्चा की जायेगी। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवीचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

### गुजरा में 27 से रामधुनी सम्मेलन

**धमतरी।** ग्राम गुजरा में इस वर्ष भी अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 27 सितंबर से होगा जो कि तीन दिन तक चलेगा। रामधुनी सम्मेलन में भाग लेने वाली प्रत्येक मंडली को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। झांकी पक्ष में 3500 रुपए एवं गायन पक्ष में 3000 रूपए दिए जायेंगे। रामधुनी सम्मेलन का समापन 30 सितंबर को होगा। यह जानकारी रामधुनी सम्मेलन के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने दी।

### लड़ेर में रामधुनी प्रतियोगिता 13 से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में ग्रामवासियों के सहयोग से पितृपक्ष में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 13, 14, 15 सितम्बर को रखा गया है जिसमें 20 ख्यातिप्राप्त रामधुनी मंडलियां रामनाम का गुणगान करेंगी। शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत व अनीता ध्रुव जिला पंचायत सदस्य होगें। अध्यक्षता उमा राजेन्द्र निषाद सरपंच लड़ेर करेंगी। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, रोहित मोहन साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल, भुनेश्वर कंवर, डामेश्वर सिन्हा अध्यक्ष सोसाइटी बोरसी, तोरण साहू, प्रकाश निषाद, पुरानिक, भूषण, रजऊ आदि होंगे। यह जानकारी मोतीराम निषाद ने दी है।

## मास्टर प्लान 2031 में कई नये रास्ते तथा रास्ता चौड़ीकरण का रोडमैप तैयार

# नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर के विकास में सड़कों का सबसे अधिक महत्व होता है। धमतरी शहर व निवेश क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान 2031 का प्रकाशन हो गया है जिसमें कुछ प्रमुख मार्ग चिन्हिंत किए गए हैं। इसे चौड़ा किया जाएगा या तो पूरी तरह से नया बनाया जाएगा या दोनों के मेल से चौड़ीकरण बनाने की योजना है।

नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मार्ग अधिवासियों के आंतरिक आवागमन को सुगम बनाता है तथा घरों को वृत्तखंड स्तरीय रिंग रोड मार्ग से जोड़ता है। वर्तमान में स्थानीय मार्ग की चौड़ाई 3 से 18 मीटर है। इन मार्गों का चौड़ीकरण 30 से 60 मीटर तक किया जाना है। चौड़ीकरण भूमि विकास निगम 1984 अंतर्गत किया जाएगा। धमतरी निवेश क्षेत्र में प्रमुख मार्गों को तीन भागों में बांटा गया है। क्षेत्रीय मार्ग के तहत नगर को निकट के अन्य नगरों से जोड़ना, बाईपास मार्ग नगर के बाहरी क्षेत्र से होकर जाता है। इसे क्षेत्रीय मार्गों से जोड़कर क्षेत्रीय यातायात को सुगम्य बनाया जायेगा। मुख्य मार्ग नगर के विकसित क्षेत्र से होकर गुजरता है।



### प्रस्तावित भूमि उपयोग 2031 का नवीन मार्ग

एमआर यानी मास्टर प्लान में नए रास्ते का प्रस्ताव है। एमआर 1 के तहत धमतरी नगर निगम में सिहावा रोड से प्रारंभ होकर ग्राम कोलियारी को स्पर्श करते हुए ग्राम कानीडबरी में एमआर क्र. 16/अ को स्पर्श करते हुए ग्राम शंकरदाह से हराडबरी होते हुए अर्जुनी के राष्ट्रीय राजमार्ग तक नई सड़क बनाई जाएगी। इस नवीन मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर की होगी। एमआर क्र. 2 में ग्राम श्यामतराई के राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रारंभ होकर ग्राम भटगांव को स्पर्श करते हुए ग्राम रूद्री, करेठा होते हुए सिहावा रोड तक जायेगा। इस नवीन मार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई 30 मीटर है। एमआर क्र. 3 में ग्राम श्यामतराई के राष्ट्रीय राजमार्ग से सोरिदभाट से बागतराई रोड को पार करते हुए ग्राम रत्नाबांधा होते हुए स्टेट हाईवे रत्नाबांधा रोड तक प्रस्तावित है। इस नवीन मार्ग की चौड़ाई 45 मीटर होगी। एमआर 4 के तहत ग्राम मुजगहन में बाईपास से प्रारंभ होकर हटकेशर को स्पर्श करते हुए ग्राम अर्जुनी स्थित खपरी रोड तक बनाने का प्रस्ताव है। इस मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर प्रस्तावित है।

### चौड़ीकरण का प्रस्तावित मार्ग

ग्राम संबलपुर निवेश क्षेत्र की पूर्वोत्तर सीमा से ग्राम तेलीनसत्ती में बाईपास के संगम स्थल तक चौड़ीकरण किया जाएगा। इस मार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई 60 मीटर है। ग्राम तेलीनसत्ती में बाईपास तथा पुराना रायपुर रोड के संगम स्थल से सेहराडबरी होते हुए अर्जुनी को स्पर्श करते हुए बठेना, हटकेशर सोरिदभाठ श्यामतराई को स्पर्श करते हुए बाईपास संगम स्थल तक, निगम क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग से शुरू होकर ग्राम रत्नाबांधा को स्पर्श करते हुए मुजगहन बाईपास पार कर गुण्डरदेही जाने वाला मार्ग तक, इसके अलावा कई चौड़ीकरण तथा नवीन मार्ग के मास्टर प्लान में रोड मैप तैयार किया गया है।

### एक और बाईपास प्रस्तावित

मास्टर प्लान में एक और बाईपास रोड का प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसमें ग्राम तेलीनसत्ती के राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रारंभ होकर अर्जुनी, खपरी, मुजगहन होते हुए निवेश सीमा पार कर पुनः ग्राम रत्नाबांधा सोरिदभाठ होते हुए ग्राम श्यामतराई के राष्ट्रीय राजमार्ग तक बाईपास रोड बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है।

## मखाना की खेती के लिए तालाब को लीज में देने की मांग



- देमार की दो महिला समूह ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मखाना की खेती और मछली पालन के लिए देमार की महिला स्वसहायता समूह ने कलेक्टर से सहायता प्रदान करने की मांग की है। देमार की दो महिला समूह शैलपुत्री एवं नई किरण स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती जागेश्वरी, श्रीमती पूजा तथा सचिव श्रीमती खिलेश्वरी एवं श्रीमती पूर्णिमा ने बताया कि समूह की सभी सदस्यों ने कृषि विज्ञान केन्द्र सम्बलपुर में मखाना की खेती एवं प्रसंस्करण का प्रशिक्षण लिया है जिसे वे अपनी आजीविका का साधना बनाना चाहती हैं। उनका लक्ष्य है कि मखाना खेती के साथ मछली पालन कर अपने समूह की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। समूह ने इसके लिए ग्राम तरसींवा, भानपुरी, गुजरा में तालाबों को मखाना की खेती तथा मछली पालन के लिए चिन्हांकित किया है। उन्होंने कलेक्टर से मखाना की नर्सरी, आवश्यक कृषि आदान व्यवस्था एवं खेती के लिए तालाबों को लीज के रूप में दिलाने की मांग की है।

## संवैधानिक अधिकारों को तत्काल लागू करें : मरई

- सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर के नाम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी अधिकार दिवस 13 सितंबर को संवैधानिक अधिकारों को लागू करने की मांग की है। ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया है।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की घोषणा में 46 अनुच्छेद अधिकार है जिसमें आत्मनिर्णय, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कृति, आदिवासी सम्मान की रक्षा के लिए अधिकार प्राप्त है, जिसे लागू करे। भारत की केंद्र सरकार 25 जुलाई 2025 से भूमि सुधार संशोधन अधिनियम अंतर्गत जमीन रजिस्ट्री की सभी प्रक्रियाएं रजिस्ट्री कार्यालय में पूर्ण कर रही है जिसमें जमीन रजिस्ट्री में पारदर्शिता नहीं है। पूर्व की भांति भूमि पंजीयन के लिए क्रेता-विक्रेता के पूर्ण विवरण का इश्तहार जारी कर दावा आपत्ति के बाद ग्राम पंचायत में अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रमाणीकरण किया जाए। छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जनजाति वर्ग के पालकों के लिए निर्धारित आय सीमा राशि दो लाख 50 हजार रूपए को समाप्त किया जाए। अनुसूचित जनजाति वर्ग के नियोजन और पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित करे। माननीय सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 1.5.23 एवं 24.2.25 को पदोन्नति में तत्काल लागू करें। छग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165/6 के तहत अनुसूचित जनजाति की भूमि अंतरण प्रतिबंध में ऋण पुस्तिका को सम्मिलत नहीं करने जारी परिपत्र 17 अगस्त 2016 को तत्काल निरस्त किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जीवराखन मरई, माधवसिंह ठाकुर, ठाकुरराम नेताम, नरोत्तम नेताम, शिव नेताम, डा.एआर ठाकुर, लालसिंग ध्रुव, ओंकार नेताम, शिवचरण नेताम, राधे नेताम, जयपाल ठाकुर, कृष्णा ठाकुर सहित सर्व आदिवासी समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## नवरात्रि और दीपावली पर शहर को साफ व सुंदर रखे

### एमआईसी सदस्यों ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक



- मांस मटन का अवशेष बाहर दिखने पर दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, नीलेश लूनिया ने अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर नवरात्रि में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश लूनिया ने बताया कि नवरात्रि व दीपावली को देखते हुए सभी 40 ड्राइवर, सुपरवाईजरों से कहा गया है कि घरों से नियमित कचरा उठाए। शाम को गाड़ियों का फेरा बढ़ाया जाए। दोपहर को दो घंटे ज्यादा काम करे। मांस मटन का अवशेष बाहर दिखने पर ऐसी दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री लूनिया ने कहा कि निगम की योजना है कि शहर को साफ सुथरा और चमकदार बनाना है।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस ने की सार्थक पहल

## आवारा मवेशियों को पहनाया गया रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मानव जीवन व पशुधन की सुरक्षा को बढ़ावा देने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा सार्थक पहल करते हुए आवारा मवेशियों को रेडियम रिफलेक्टर बेल्ट पहनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में यातायात प्रभारी एसआई खेमराज साहू व उसकी टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा अनूठी पहल की गई है, जिसके तहत सड़क पर बैठे व घूमने वाले आवारा मवेशियों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाया गया है। रात्रि में वाहन चालकों को रेडियम बेल्ट की वजह से सड़क पर मौजूद मवेशी दूर से दिखाई देगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि व पशुधन की हानि को रोका जा सकेगा। रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट वर्धमान स्थानकवासी जैन गुजराती संघ एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा भेंट किया गया है। इस बेल्ट का प्रयोग कर यातायात पुलिस ने एक नवाचार के रूप में सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया है। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से ओवर स्पीड वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय अपर-डिपर लाइट का प्रयोग करने, सड़क पर बैठे या खड़े मवेशियों को देखकर सावधानी बरतने व धैर्यपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। पुलिस की यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व मानव जीवन तथा पशुधन हानि को रोकने में सहायक होगी।

## दत्तक ग्रहण एजेंसी को सौंपी जाएगी नवजात बच्ची

- ग्राम भेण्डरी में नहर के पास धमेला में मिली थी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला अस्पताल में भर्ती नवजात बच्ची को स्वस्थ होने के बाद बाल संरक्षण टीम द्वारा दत्तक ग्रहण एजेंसी कांकेर को सौंप दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 10 सितम्बर की सुबह करेली बड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम भेण्डरी में नहर के पास 10 दिन की एक नवजात बच्ची को धमेला में रखकर फेंक दिया गया था। इसी दौरान काम करने खेत जा रहे मजदूरों की नजर बच्ची पर पड़ी। बच्ची जीवित थी। मजदूरों ने घटना की सूचना गांव में दी। नहर के पास बच्ची को जीवित फेंके जाने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। वहीं सूचना मिलते ही करेली बड़ी चौकी प्रभारी एएसआई आरएस बंजारे अपने स्टाफ व गांव वालों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे। गांव के मितानिनों की मदद से बच्ची को उपचार के लिए मगरलोड अस्पताल ले गए। वहां से बच्ची को जिला अस्पताल लाकर एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। चेकअप में पता चला कि बच्ची का 10 दिन पहले जन्म हुआ था। जन्म के बाद बच्ची का किसी अस्पताल में उपचार भी कराया गया था। जांच में यह बात सामने आई कि बच्ची को फेंकने से आधा घंटे पहले ही उसे दूध भी पिलाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए करेली बड़ी चौकी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्जकर पुलिस खोजबीन में जुट गई है। वहीं अस्पताल में भर्ती बच्ची विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ नर्स की देखरेख में स्वस्थ हो रही है।

### दावा-आपत्ति प्रकाशित होगी

बच्ची के पूरी तरह से स्वस्थ हो जाने के बाद उसे बाल संरक्षण समिति अपने अधिकार में ले लेगी। उसके बाद दत्तक ग्रहण एजेंसी कांकेर में बच्ची को शिफ्ट कर दिया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रकाशित की जाएगी। महीने भर में कोई दावा-आपत्ति नहीं आने पर सेन्ट्रल पोर्टल में बच्ची का विवरण डाला जाएगा। उसके बाद बच्ची को गोद लेने के लिए आवेदन लिया जाएगा। पूर्व के आवेदनकर्ता लाइन में हैं। उन्हें पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

## 36 परिवारों को मिलेगा सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन

# मसानडबरा आवास कॉलोनी बनेगी कमार समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत पक्के मकानों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सके। यह पहल कमार जनजाति के रहन-सहन और मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। यह देश की दूसरी तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहली प्रधानमंत्री जनमन आवास कॉलोनी है, जो कमार समुदाय के सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन स्तर की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

ग्राम मसानडबरा सांकरा के आश्रित ग्राम के रूप में ग्राम पंचायत मुख्यालय से 5 किमी की दूरी पर स्थित है। मसानडबरा में मुख्यकर कमार परिवारों की बसाहट है, जहां 42 परिवार में 173 लोग निवासरत है, जिसमे 36 पात्र परिवारों को स्वीकृति प्रदान किया गया है।

योजना अंतर्गत जिले में कमार परिवारों को 1481 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से अब तक 982 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस योजना के तहत लगभग 66 प्रतिशत कार्य संपन्न हो गया है। अब तक 1470 हितग्राहियों को 23.90 करोड़ की राशि प्रदाय की जा चुकी है। धमतरी जिले में तकरीबन 1800 परिवार निवासरत हैं।



जिला प्रशासन ने इस कॉलोनी को मॉडल बसाहट के रूप में विकसित करने की योजना बनाई । इसके अंतर्गत सभी आवास एक ही डिजाइन में पक्के मकान, आकर्षक टाइल्स और रंग-रोगन के साथ, प्रत्येक मकान में स्वच्छ शौचालय और पेयजल की सुव्यवस्था, प्रत्येक बाड़ी में फलदार पौधरोपण, कॉलोनी परिसर में सीमेंट कांक्रीट सड़क, सार्वजनिक गार्डन, बच्चों के लिए झूलाघर और हाईमास्ट लाइट, स्थानीय परंपराओं के सम्मान में गार्डन परिसर में देवगुड़ी की स्थापना होगी।

### बेन्द्रानवागांव में रामधुनी प्रतियोगिता आज से



**धमतरी।** ग्राम बेन्द्रानवागांव में 13 एवं 14 सितम्बर को दो दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुखदेव उईके, संरक्षक कन्हैया राम नागवंशी, हीरालाल नागवंशी, राजेन्द्र कुमार पडौटी, आनंदराम ध्रुव ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2001, द्वितीय 1500 तथा तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। संगीत, झांकी, व्याख्या में विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**



### शीतला शक्तिपीठ सेमरा में जलेंगे आस्था के जोत



**नगरी।** राज राजेश्वरी मां भगवती सिद्ध शीतला शक्ति पीठ सेमरा में शारदीय नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित 22 सितंबर से प्रारंभ हो रही है जिसकी तैयारी में समिति के अध्यक्ष लखनलाल साहू, उपाध्यक्ष कैलाश सेन, सचिव यशवन्त साहू, कोषाध्यक्ष हेमचंद देवांगन, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच संदीप देवांगन जुटे हुए हैं। तेल ज्योति 801, घृत ज्योति 1151 रू निर्धारित है। स्थापना 22 सितंबर को होगी। पंचमी 27 सितंबर, अष्टमी हवन 30 सितंबर एवं विसर्जन 1 अक्टूबर बुधवार को होगा। मंदिर प्रांगण पर माता सेवा, जसगीत, प्रतिदिन सुबह 10 बजे से देर रात तक जारी रहेगा।

स्मार्ट मीटर की तेज गति से गरीब परिवारों को लग रहा जोरदार झटका

# बढ़े बिजली बिल से उपभोक्ताओं में हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

स्मार्ट मीटर लगने के बाद व बिजली बिक हाफ योजना में हुई कटौती के साथ टैरिफ में की गई बढ़ोतरी से बिजली बिल में अप्रत्याशित वृद्धि से उपभोक्ता परेशान हैं। कई गरीब परिवारों का बिल 100 रुपए से बढ़कर 3000 रुपए तक पहुंच गया है। उपभोक्ताओं ने शासन-प्रशासन से बिजली बिल में आवश्यक सुधार करवाने विद्युत विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश देने की बात कही है।

स्मार्ट मीटर क्या लगा, उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ने लगी है। बढ़े बिजली बिल से उपभोक्ताओं की नींद उड़ गई है। लोग अपना बिजली बिल निकालकर बिजली विभाग के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। महंगाई के इस दौर में जनता को राहत देने की बजाय प्रदेश सरकार ने 400 यूनिट तक हाफ बिल योजना बंद कर बड़ा झटका दिया है। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर बड़ी तेज गति से चलता है जिसके कारण बिल बढ़कर आ रहा है। उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही इन बढ़े बिजली बिल को सुधारा नहीं गया और स्मार्ट मीटर की स्पीड को कम नहीं किया गया तो उपभोक्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### सरकार के फैसले से 90 फीसदी उपभोक्ता बाहर

बगदेही के किसान सनत साहू, युवराज साहू , दीपक साहू ने सरकार से बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार का ताजा फैसला गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। 100 यूनिट तक की छूट संबधी सरकार के इस फैसले से 90 फीसदी उपभोक्ता बाहर हो गए हैं। सरकार गरीब उपभोक्ताओं के हित में निर्णय नहीं लेती तो जनता सबक सिखाने से पीछे नहीं हटेगी।




### एकलबत्ती कनेक्शन का बिल 2500 तक

आमदी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम जोरातराई के उपभोक्ता ईश्वर साहू ने बताया कि उनके घर में एकलबत्ती कनेक्शन लगा हुआ है। उनके घर का बिजली बिल अधिकतम 100 रुपये तक आता है। स्मार्ट मीटर लगने के पांच महीने बाद तक बिजली बिल खपत को शून्य यूनिट रीडर नोट करके औसत बिजली बिल 40 से 60 रुपये भेजता था जिसे अपडेट कर इस बार सितम्बर का बिल 1050 यूनिट खपत दिखाकर 2500 रुपये भेज दिया गया है।

### भूपेश कका के राज में कम आता था बिल

कुरुद के रमेशर साहू, राजेश साहू ने कहा कि पहले 400 से 500 रुपये का मासिक बिल आता था, लेकिन इस बार 800 से 1500 रुपये तक हो गया है। हम महंगाई की मार से पहले ही अधमरे हैं, ऐसे में बिजली की दोहरी मार पड़ रही है। भखारा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई के गैंदलाल साहू, रूपनारायण साहू, यादव साहू ने बताया कि तापमान बढ़ने से अधिकांश लोगों के घर में कूलर पंखा जरूरी हो गया है। इससे बिजली खपत 100 यूनिट से अधिक होती है। बिजली बिल हाफ योजना के चलते पहले भूपेश कका के राज में हर महीने 250 से 300 रुपए तक बिल आता था। इस बार 1200 से 2000 रुपए का बिल आया है।

# राज्यस्तरीय डांस स्पर्धा में प्रतिभागियों ने मचाई धूम




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

युवा गणेश उत्सव समिति मांझीपारा भीतरारास के तत्वावधान में राज्यस्तरीय डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें छग के सुप्रसिद्ध अनेक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोक विधा, आदिवासी छटा बिखेरी। सामूहिक नृत्य में प्रथम अमर ज्योति डांस ग्रुप, द्वितीय नित्या डांस ग्रुप, तृतीय सरगम डांस ग्रुप रहे। युगल नृत्य में प्रथम चुरकी मुरकी डांस पिथौरा, द्वितीय पवन हिना डांस रायपुर, तृतीय राजनंदिनी डांस रहे। एकल नृत्य में लकी यादव धमतरी, द्वितीय रिंकी ध्रुव, बेलरगांव, तृतीय नंदिनी रही। साथ ही गोवा टूर का ड्रा हुआ जिसमें नरेंद्र चाय स्टॉल सिहावा का पर्चा खुला। मोहित साहू को गोवा जाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। आयोजक समिति के अध्यक्ष अखिलेश शांडिल्य ने हर साल डांस का आयोजन करने की बात कही।

कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष तिलक यादव, पीयूष ठाकुर, सचिव प्रकाश ठाकुर, कोषाध्यक्ष तरुण निषाद, सहसचिव लक्ष्य यादव, संरक्षक योगेश बोरझरिया, विनोद सेन, सूरज यादव, सदस्य अमीन राजा, विनय यादव, आदित्य नाग, हर्ष साहू, हर्षवर्धन कुंभकार, विजय यादव, सनी बजरिया का विशेष सहयोग रहा।

# सिहावा का सरकारी स्कूल उपेक्षा का शिकार





- जर्जर भवन, शौचालय की बदहाली और अहाता निर्माण की कमी से छात्र असुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय वर्षों से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। विद्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं के अभाव और भवनों की जर्जर स्थिति से छात्र–छात्राओं की पढ़ाई व सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

150 से अधिक छात्र यहां अध्ययनरत हैं, किंतु विद्यालय भवन इतनी खराब स्थिति में है कि बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता रहता है। बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है। बालक शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जबकि बालिकाओं को शौचालय के लिए लंबी कतार में खड़ा होना पड़ता है। स्थिति यह है कि एक शौचालय पर अतिक्रमण तक हो चुका है। जिसमे करीब दो वर्ष पूर्व नवीन भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन सरकार बदलने के बाद वह राशि लेप्स हो गई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। वहीं, माध्यमिक शाला का चपरासी पिछले दो माह से अनुपस्थित है, जिसकी जानकारी कई बार प्रशासन को देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

विद्यालय का सबसे गंभीर संकट अहाता निर्माण का है। श्रृंगी ऋषि पहाड़ी के नीचे स्थित इस विद्यालय में अहाता न होने से जंगली जानवर भालू और तेंदुआ तक घुस आते हैं। आए दिन परिसर में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है और असामाजिक तत्व शराब सेवन कर उत्पात मचाते हैं। यही नहीं विद्यालय की भूमि का हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में भी आ चुका है।

प्राथमिक शाला की स्थिति और भी बदतर है। 1967 में बने भवन की जर्जरता के चलते कक्षाएं माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त भवन में संचालित की जा रही हैं। खेल मैदान समतल न होने से बच्चों को खेलकूद और शारीरिक विकास के अवसर नहीं मिल पा रहे।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू ने बताया कि जर्जर भवन और अहाता निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अतिक्रमण के संबंध में उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था, लेकिन अब कार्रवाई की जाएगी।

# 24 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 6 माह पूर्व जन्मे बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

- ग्राम परखंदा में रजत जयंती महोत्सव मनाकर एक पेड़ मां के नाम रोपा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम परखंदा में 24 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 6 माह पूर्व जन्मे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार आयोजित कर स्वस्थ बच्चा पुरस्कार प्रदान किया गया। महिलाओं के मनोरंजन हेतु मोमबत्ती जलाओ, व्यंजन सजाओ, कुर्सी दौड़ तथा मटका फोड़ का आयोजन हुआ।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत कुरुद सिंधु बैस, सरपंच माधुरी मोहित साहू, विशिष्ट अतिथि महेश ध्रुव जनपद सदस्य सहित पंचायत के पंचगणों की उपस्थिति में खेमलता शुक्ला एवं मोनिका साहू द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा बाल विवाह की रोकथाम पर जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी ने लोगों को एनीमिया बीमारी के बारे में बताया। सभी विजिट प्रतिभागी को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।






इस अवसर पर जनपद परियोजना अधिकारी सरिता कुशवाहा, पर्यवेक्षक रेणुका साहू, सोमलता शुक्ला, मोनिका साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिथिला साहू, लता भगत, भेनमती साहू, सहायिका सुरजा सोनकर जनपद, पदमा साहू, सविता साहू, पूनम साहू, गजेंद्र साहू, संतोष निषाद, दसोदा निषाद, यशोदा साहू, लुकेश साहू, रूपेश निषाद, युगल साहू, ललित बारले, सीताराम साहू, उग्गू रजक, दुर्गेश यादव, विवेक वैष्णव, अभिषेक वर्मा, राजा साहू, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# खुरसेंगा में महिला कमांडो एवं महिला ग्रीन आर्मी का गठन

- गांव की सुरक्षा के लिए असामाजिक तत्वों पर कसेंगी शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



मोर गांव-मोर अभिमान अभियान के तहत ग्राम पंचायत खुरसेंगा में 9 सितंबर को बैठक आहूत कर महिला कमांडो एवं महिला ग्रीन आर्मी का गठन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नशाखोरी दूर करने, गांव की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांव की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संघ कुरूद के अध्यक्ष एवं ग्राम खुरसेंगा के सरपंच हरिशंकर साहू ने की। मौके पर सभी महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, पंचायत के पंचगण तथा पूर्व में सामाजिक जिम्मेदारी निभा चुकी 18 महिलाएं शामिल हुईं।

बैठक में सभी महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे गांव की शांति, सुरक्षा, सामाजिक समरसता, स्वच्छता को बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। महिला कमांडो एवं ग्रीन आर्मी गांव में अवैध गतिविधियों पर नजर रखने, असामाजिक तत्वों को रोकने, स्वच्छता अभियान चलाने तथा महिला एवं बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देंगी। आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत खुरसेंगा में नव युवा ग्रुप और ग्रामीण विकास समिति का भी गठन किया जाएगा जो महिला कमांडो व ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर गांव के समग्र विकास और सुरक्षा व्यवस्था , अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाएंगे।

इस संगठन की अध्यक्ष हेमलता साहू सहित गणेश्वरी निर्मलकर, कमला साहू, मीना साहू, तारिणी साहू, सेवती साहू, पार्वती साहू, ईश्वरी साहू, जगेश्वरी, नीलिमा, सुशीला निर्मलकर, विमला साहू, यशोदा साहू, मधु निर्मलकर, उषा निर्मलकर, विद्या साहू, सेवती साहू, ठगेश्वरी साहू, उषा साहू, हिरौंदी, भूमिका साहू अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मौके पर भूषण साहू पंच, कृपाल साहू पंच, ईश्वर साहू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# पटेल समाज ने सामाजिक भवन परिसर में रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कोसरिया मरार पटेल समाज तहसील इकाई कुरूद की कार्यकारिणी मीटिंग तहसील भवन कुरूद में रखी गई थी। संरक्षक नोहरराम पटेल, हुलास पटेल, राधुराम पटेल, तहसील अध्यक्ष धनेश्वरप्रसाद पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कमलवंशी, सचिव डॉ.भोजराज पटेल, उपाध्यक्ष हुकुम पटेल, महासचिव राधेलाल पटेल, जीजामगांव राज अध्यक्ष कपिल पटेल, बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल, बारना राज अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, सलाहकार नूतनराम पटेल, रामचन्द्र पटेल ने मां शाकंभरी देवी एवं श्री रामचन्द्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाजजनों ने सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों, शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों एवं नशापान को दूर करने, नारी शक्ति को सशक्त बनाने पर जोर दिया। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. सुखउराम पटेल एवं स्व. देवकुमार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तहसील भवन परिसर में सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने पौधरोपण कर उसके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# नुक्कड़ नाटक व लोक नृत्य से गूंजा गांव

- भरदा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह, छात्रों ने नशामुक्त समाज का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड







यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के तत्वावधान में ग्राम भरदा में छग राज्य निर्माण की रजत जयंती के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सरपंच श्रीमती भानुप्रिया साहू थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने की।

सरपंच श्रीमती भानुप्रिया साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती हमारे लिए गर्व का क्षण है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस आयोजन से गांव के लोगों को योजनाओं की जानकारी मिली है और युवा पीढ़ी का सांस्कृतिक जुड़ाव भी देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. वेरुलकर ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और लोक नृत्य के माध्यम से समाज में जनजागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया है। रजत जयंती सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि हमारी उपलब्धियों पर आत्ममंथन करने और आने वाले 25 वर्षों के लिए नई दिशा तय करने का अवसर है। छात्र-छात्राओं ने दो प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। पहले नाटक में छग सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्धियों का प्रसार किया गया। दूसरा नाटक नशामुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर आधारित रहा, जिसमें यह संदेश दिया गया कि किस प्रकार नशा एक परिवार की खुशहाली को नष्ट कर देता है। छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

मौके पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, दीपक कश्यप के अलावा ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रिखीराम साहू, केजूराम साहू, घनश्याम साहू, भारत साहू, गीताराम साहू, जयंती साहू, विशाखा साहू, ग्रापं सचिव, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। संचालन डॉ. सुशीला साहू और आभार प्रदर्शन डॉ. रमा चंद्राकर ने किया।

संकुल केंद्र बोकराबेड़ा में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

# शिक्षक समाज को नई दिशा देते हैं : नंदिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



संकुल केंद्र बोकराबेड़ा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसी चम्पेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पन्ना लाल मरकाम जनपद सदस्य, विशेष अतिथि नंदिनी साहू जनपद सदस्य बेलरगांव, विशिष्ट अतिथि सतरूपा नेताम सरपंच हिरीडीह, इंदुमति मरकाम सरपंच गढ़डोंगरी रैय्यत, प्रकाशचंद साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नगरी, शिक्षाविद् धनीराम मरकाम, अध्यक्ष तुलूराम नेताम, संकुल प्राचार्य पीसी झा थे।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, डायरी, पेन एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक चंद्रकिरण देवांगन, लक्ष्मीनाथ नेताम, प्रभारी प्रधानपाठक माध्यमिक शाला बोकराबेड़ा दिनेश कुमार निषाद, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बोकराबेड़ा खिलेश्वरी मंडावी, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला नचकारपारा जितेंद्री बघेल, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला हिरीडीह, जिला स्तर पर शिक्षादूत सम्मान प्राप्त रोहित कुमार देवांगन (प्रा.शा. डोमपदर), उत्कृष्ट प्रधानपाठक सुजीत कुमार देवांगन (प्रा.शा. गायतापारा) एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए नूतन लाल डोटे (प्रा.शा. डोहलापारा) को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पन्ना लाल मरकाम ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में जोन स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। जनपद सदस्य नंदिनी साहू ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में ज्ञान और मूल्य प्रदान कर समाज को नई दिशा देते हैं। सरपंच इंदुमति मरकाम ने संकुल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य के कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सरपंच सतरूपा नेताम ने कहा कि शिक्षक हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं और समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बोकराबेड़ा के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शिक्षक भगवती वर्मा तथा अन्य राज्यों से आए शिक्षार्थियों ने इस आयोजन को प्रेरणादायक और अभूतपूर्व बताया।

### भरदा में शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम पंचायत कोड़ापार के आश्रित ग्राम भरदा में शीतला मंदिर के सामने शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। मौके पर भीम साहू सरपंच, मेघनाथ यादव उपसरपंच, आजुराम टंडन पंच, जीवनलाल साहू, राजू वैष्णव, कुंदन साहू, झम्मन साहू, ठाकुरराम बारले, नारायण बारले, नरेश कोटवार समेत अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार तहसील भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

भखारा दिनांक- 21/08/2025

एतद द्वारा आम जनता ग्राम कोर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रमेश कुमार पिता/पति राम प्यारे जाति तेली निवासी कोर्रा तहसील जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने माता गणेशिया बाई की मृत्यु दिनांक 08/06/2025 को ग्राम में होने से मृत्यु की घटना के पंजीयन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त संबंध में जिस किसी को भी आपत्ति हो तो दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

मुहर

**नायब तहसीलदार भखारा**

## अंचल की खबरें

### विश्वकर्मा जयंती पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नगरी।** विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितंबर की रात्रि बिजली ऑफिस प्रांगण नगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक कामता प्रसाद अपनी मधुर वाणी से भक्तिमय माहौल बनाएंगे। उन्हें आमंत्रित करने विभाग के सदस्य आगेन्द्र मरकाम, जीटकू कश्यप, राधेश्याम ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, बंटी नेताम, हरिशंकर, अनीश सोम, गुलाब नेताम तथा सुमित लोहाना सिहावा कर्णेश्वर मंदिर पहुंचे थे, जहां गुरुदेव का कार्यक्रम चल रहा था। उन्होंने नगरी में प्रस्तुति देने की सहमति प्रदान की।

### टैलेंट हंट परीक्षा में विकास, सुप्रिया को मिले रजत पदक



**धमतरी।** सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जिले में टैलेंट हंट परीक्षा आयोजित की गई, जिसमे मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा के कक्षा 10वीं से छात्र विकास साहू पिता रामायण साहू ने प्रथम एवं कक्षा 10वीं की छात्रा सुप्रिया देवांगन पिता सतीश देवांगन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थियों को रजत पदक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### आदिवासी अंचल के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा



- कोरबा में आयोजित आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष

**नगरी।** छग मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक कोरबा में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री विजय शर्मा सहित कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने भी बैठक में भाग लिया। उन्होंने धमतरी समेत आदिवासी बहुल क्षेत्र की विकास योजनाओं पर सुझाव रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में आदिवासी अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### करेली बड़ी में खेलकूद एवं बौद्धिक समारोह आज

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में संकुल स्तरीय खेलकूद एवं बौद्धिक समारोह 13 सितंबर शनिवार को सुबह 9 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमलता साहू सरपंच करेली बड़ी होंगी। अध्यक्षता भोजराम साहू संयोजक सशिमं करेंगे। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र पाल जनपद सदस्य जपं मगरलोड, तोरण आनेश्वरी उपसरपंच, महेन्द्र साहू अध्यक्ष शाउमावि करेली बड़ी, पदुमलाल साहू पूर्व उपसरपंच, हीरालाल साहू सहसंयोजक सशिमं, सुखीराम साहू सेनि प्रधानपाठक होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, विशिष्ट अतिथि मीना साहू सभापति जिपं धमतरी, राजेश साहू सभापति जपं मगरलोड, गोपाल साहू प्राधिकृत अधि. सह. समिति, शेखूराम साहू अध्यक्ष ग्रावि समिति होंगे। समारोह अधिकारी टोमनलाल साहू कोषाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति धमतरी होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में प्रधानाचार्य नूतन साहू समेत आचार्यगण जुटे हुए हैं।

### निधन : मानकुंवर साहू



**मगरलोड।** ग्राम कपालफोड़ी निवासी मानकुंवर साहू 76 वर्ष का निधन 9 सितम्बर मंगलवार को हो गया। वे रमेश साहू की मां व भारती, दिग्विजय साहू की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार सामाजिक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### श्रीमती संतोषी



**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी संतोषी साहू का 11 सितम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वह गांव में मितानिन का कार्य करती थीं। वह पति एवनलाल साहू और एक पुत्री व पुत्र को छोड़कर चली गई। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
18 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## वसूली के लिए शहर को 4 जोन में बांटा गया, 22 एआरआई, दर्जनों कर्मचारी वसूली में जुटे

# निगम टीम ने दस दुकानों पर लगाया ताला जलकर की राशि भी बकाया, 500 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निगम की वसूली टीम अलग-अलग वार्ड में तैयार हो गई है। कमिश्नर के आदेश और उपायुक्त के मार्गदर्शन में टीम बकायादारों को नोटिस भेजकर बकाया पटाने का आग्रह कर रही है। मियाद खत्म होने पर टीम दुकानों में ताला लगाकर सील लगा रही हैं। वहीं वार्डों में निजी नल कनेक्शन को विच्छेद करने की कार्रवाई की जा रही है। कमिश्नर के आदेश पर 10 करोड़ वसूली के लक्ष्य को पूरा करना है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

निगम के वसूली प्रभारी ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों में व्यावसायिक काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है जिसमें सैकड़ों बेरोजगार दुकान खोलकर स्वरोजगार अपना रहे हैं। कुछ दुकानें ऐसी है जो तीन चार साल से किराया नहीं पटाया है। नोटिस देने के बाद जवाब नहीं मिलने पर स्पॉट पर जाकर 10 दुकानों का शटर गिराकर ताला लगाया गया एवं निगम का सील ठोक दिया गया है। दुकानों पर सख्ती से कार्रवाई होने पर दुकानदारों में हड़कंप है। चलती दुकानें कहीं बंद न हो जाए इस डर से आनन-फानन में कई बकायादार निगम पहुंचकर किराया पटा रहे हैं। टीम प्रभारी ने बताया कि नल कनेक्शन का बकाया राशि नहीं मिलने पर 500 लोगों को नोटिस मिला है।

कुछ हितग्राही ने मोहलत मांगी तो कुछ ने तत्काल किराया जमा करा दिया। प्रभारी के अनुसार अटल आवास सोरिद, डाक बंगला, जोधापुर, सोरिद, विवेकानंद आदि वार्डों में घर घर पहुंचकर जलकर की राशि वसूली की जा रही है। मोहलत मंगाने पर समय दिया जा रहा है। साथ ही समझाइश दी जा रही है कि टीम स्पॉट में आई तो नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई करेगी।

बता दें कि वसूली अभियान के लिए सभी वार्डों को 4 जोन में बांटा गया है, जिसमें 22 एआरआई व दर्जनों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो सुबह से शाम तक फील्ड में काम कर रहे हैं।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि टैक्स वसूली के लिए सख्त कदम उठाया गया है। टीम को पूरी छूट दी गई है कि वे स्थल में जाकर दुकानों में ताला लगाने, नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई करें। निगम बकायादारों की पहचान कर वसूली अभियान चला रहा है। कई लोगों का जलकर 10 से 25 हजार रूपये तक पहुंच गया है जो बार-बार नोटिस देने के बाद आनाकानी कर रहे हैं। निगम ने सख्ती बरतकर वसूली तेज कर दी है।

## पूर्व छात्रों ने श्रृंगी ऋषि विद्यालय को भेंट की पुस्तकें



- 1998 में अध्ययनरत रहे छात्रों के समूह ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छग राज्य रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में पीएम श्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उमावि नगरी में शैक्षिक सत्र 1998 में कक्षा 12वीं के पूर्व छात्रों के समूह ने वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पुस्तक प्रेमियों में पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विभिन्न विषयों की नवीनतम महत्वपूर्ण पुस्तकों के साथ प्रतियोगी परीक्षा संबंधित श्रेष्ठ प्रकाशनों की पुस्तकें पुस्तकालय को भेंट की। पूर्व छात्र निकेश देवांगन, अमजद खान, राकेश गोलछा आनंद देवांगन एवं विनय नाग ने बताया कि इस स्कूल से हमारा गहरा जुड़ाव है। स्कूल ने हमें समाज में स्थापित किया है, यही कारण है कि हम सभी ने मिलकर विद्यालय को महत्वपूर्ण पुस्तक भेंट की है विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कमल डागा एवं प्राचार्य एसके प्रजापति ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय को प्राप्त पुस्तकें छात्रों को अच्छी तरह से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेंगी। पूर्व छात्रों का यह समर्पण सामुदायिक सहभागिता का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम में अतुल ध्रुव, प्रवीण साहू, चैन सिंह, राजकुमार शील के साथ विद्यालयीन शिक्षक उपस्थित थे।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक भखारा में आज

**अंवरी।** सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी की बैठक 13 सितंबर शनिवार को 12 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण भखारा में रखी गई है। बैठक में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस की समीक्षा एवं आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। समाजजनों से उपस्थिति की अपील आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने की है।

## कुसुम को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

अंचल की होनहार बेटी कुसुम साहू ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के हिंदी शोध केंद्र की शोधार्थी कुसुम साहू को संजीव बख्शी के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन विषय पर शोधकार्य हेतु पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इस शोध कार्य का निर्देशन प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल (डी.लिट), प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद ने किया। वहीं शोध मौखिकी परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर (मप्र) के प्राध्यापक प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। डॉ. कुसुम साहू की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हिंदी शोध केंद्र की अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, शोध निर्देशक प्रो. अनुसुइया अग्रवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, शोध संवर्धन समिति की अध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी, साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला रविवि की अध्यक्ष प्रो. मधुलता बारा, डॉ. गिरिजाशंकर गौतम, प्रो. रमेश अनुपम एवं प्रो. प्रेमशंकर त्रिपाठी ने हर्ष जताया है। गौरतलब है कि डॉ. कुसुम साहू ग्राम अमाली निवासी विष्णु प्रसाद साहू की पुत्री हैं। एक छोटे से गांव से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना उनके परिश्रम और संकल्प का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा कि इस शोधकार्य के माध्यम से मुझे संजीव बख्शी एवं उनके साहित्य को गहराई से जानने-समझने का अवसर मिला।

## नगर के प्रमुख मंदिरों में मत्था टेककर लिया आशीर्वाद

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रंजना साहू का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिकों, व्यापारियों, समाज प्रमुखों द्वारा घड़ी चौक में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रंजना साहू ने कारगिल युद्ध में धमतरी से भाग लेने वाले कारगिल योद्धाओं एवं युवाओं को सेना के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। मजदूरों का भी सम्मान किया। इससे पहले प्रातः श्रीमती साहू ने हनुमान मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, शीतला माता मंदिर, अंगारमोती माता मंदिर, रुद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। उसके बाद घड़ी चौक में धूमधाम से उनका जन्मदिन मनाया गया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, भाजपा कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, विजय साहू, एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, निलेश लूनिया, पार्षद कोमल सार्वा, घड़ी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, राजेश पंजवानी, अशोक नंदा, आसानदास जेठवानी, ललित बरडिया, संजू लुंकड़, रोहित वाधवानी, अभिषेक हिरानी, रमेश लुंकड़, अखलाख हाशमी, कल्याणदास मलवानी, चंदू जसवानी, महेश रामरख्यानी, अमर पिंजानी, अशोक वाधवानी, अशोक दुंबा, दिलीप पटेल, भरत सोनी, दयाशंकर सोनी, विनोद रणसिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष देवेश अग्रवाल, रिक्की गनवानी, सूरज शर्मा, बलराम गुप्ता, दौलत वाधवानी, मनीष आसवानी, दीपक लालवानी, संतोष मादमे, अनीता यादव, रितिका यादव, जागेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, रीता बंजारे, साक्षी वाधवानी, अमित साहू, नीरज शुक्ला, अनुज तिवारी, वीरेंद्र साहू, जितेश सिन्हा, पंकज साहू, उमेश साहू, शेषु सोनवानी सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

# संभाग स्तरीय बेसबॉल स्पर्धा में 144 बालिकाएं हुईं शामिल



**धमतरी।** संभाग स्तरीय बेसबॉल स्पर्धा धमतरी में हुई जिसमें रायपुर, महासमुंद और धमतरी के 14, 17, 19 आयु वर्ग की 144 बालिकाएं सम्मिलित हुईं। तीनों जिले के बीच मैच हुए जिसमें 14 आयु वर्ग में प्रथम धमतरी, द्वितीय महासमुंद, तृतीय रायपुर रहे। 17 आयु वर्ग में प्रथम धमतरी, द्वितीय रायपुर, तृतीय महासमुंद, 19 आयु में प्रथम धमतरी, द्वितीय रायपुर, तृतीय महासमुंद रहे। यह आयोजन संयोजक प्राचार्य शंकरदाह शोभा दुबे व व्यायाम शिक्षक प्रदीप सिन्हा के निर्देशन में हुआ।

रायपुर जिले से पुष्पेंद्र बरमॉल, लालबहादुर सोनकर, विशाल पेशवानी, महासमुंद जिले से डॉक्टर सुनील बोई वसुंधरा यादव सेवन कुमार, धमतरी जिले से ममता ठाकुर, नागेंद्र साहू, ताराचंद साहू, प्रखर श्रीवास्तव, निर्मल सिंह नवनीत पचौरी उपस्थित रहे। मैच ऑफिशियल रामानंद साहू, ईश्वर साहू, मयंक साहू, गौकरण यादव, हितेश साहू, पुष्पेंद्र साहू, त्रिवेणी नेताम रहे। खेल कौशल के आधार पर बालिकाओं का संभाग स्तरीय बेसवाल में चयन हुआ। चयनित बालिकाएं 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगी।

## मुख्यमंत्री ने चना मुर्रा खाकर पुराने दिनों की यादें ताजा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रेस कांफ्रेंस के पश्चात काफी समय कार्यालय में बिताया। यहां प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडे, महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, यशवंत जैन, कोषाध्यक्ष राम गर्ग, वरिष्ठ नेता रामसेवक पैंकरा, प्रवक्ता अमित चिमनानी एवं दीपक उज्वल, सुनील पिल्लई आदि उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने चना मुर्रा खाकर पुराने दिनों की यादें ताजा की।

## सिर्री में अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम सिर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन जारी है। यह 15 सितंबर तक चलेगा। सात दिन तक लगातार भगवान श्रीराम के नाम का जाप ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न टोली बनाकर किया जा रहा है। पूरे गांव में 12 टोलियां प्रत्येक दिन 2 घंटे अखंड श्रीराम नाम का जाप करती हैं। गांव में पितृपक्ष पर यह अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ पिछले लगभग 75 साल से चला आ रहा है। गांव के बुजुर्गों, प्रबुद्धजनों का मानना है कि पितृपक्ष में भगवान राम के नाम का लगातार जाप करने से पितरों को शांति व मोक्ष मिलता है। साथ ही जाप कर रहे व्यक्ति को पापकर्म से मुक्ति मिलती है। बीते 4 दिनों में क्षेत्र की विभिन्न मंडलियों द्वारा मंचीय प्रस्तुति दी गई। जिसे देखने भी ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। 15 सितंबर सोमवार को नवमी तिथि पर अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन किया जायेगा। समापन पर मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम गोपाल बलराम नाचा पार्टी निपानी की प्रस्तुति होगी।

# जनहित के मुद्दों को लेकर विपक्षी पार्षदों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जनहित के मुद्दों को लेकर विपक्षी पार्षदों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम के बाहर धरना दिया। कांग्रेसी पार्षदों ने बताया कि राशन कार्ड, वार्ड विकास शुल्क का उपयोग अन्य वार्ड में करने, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत न होने, खराब हुए नलों का सुधारने, डीजल चोरी पर कार्रवाई को लेकर धरना दिया गया।

निर्माण कार्यों के नाम से विकास शुल्क लिए जाता है। उस राशि का उपयोग वार्ड में रोड, नाली, बिजली, सड़क, पानी सहित वार्ड विकास के कार्यों में किया जाता है। उस राशि का उपयोग अन्य वार्डों में किए जाने का प्रयास किया जा रहा है जो गलत है। पार्षदों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। शहर में कई जगह स्ट्रीट लाइट बंद है। महीनों से महासागर हैंडपंप बंद हैं। 6 महीने में 7 बार फिल्टर प्लांट में खराबी आ चुकी है। सड़कों पर जगह- जगह गड्ढे हैं। शहर की जनता अपने आपको ठगी हुई महसूस कर रही है। धरने पर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, योगेश लाल, गजानंद रजक, सोमेश मेश्राम बैठे रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020